राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, बुधवार 07 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 120 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### रेलवे ट्रैक के किनारे शव बरामद

**गोमो।** गोमो रेलवे स्टेशन से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर खेशमी फाटक के समीप रेलवे ट्रैक के बगल में डॉन लाईन पर मंगलवार की सुबह लगभग सात बजे एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया. शव की शिनाख्त खेशमी मोहल्ला निवासी कुणाल रविदास (46) के रूप में की गई. शव खून से लहूलुहान था. शव के देखने से आशंका है कि उसकी मौत ट्रेन से गिरकर हुई. मृतक मजदूरी करता था. शव बरामदगी को लेकर जीआरपी गोमो और तोपचांची थाना पुलिस के बीच सीमा क्षेत्र निर्धारण को लेकर शव घंटों रेलवे ट्रक पर पड़ा रहा. बाद में सीमा क्षेत्र से अवगत होने के बाद तोपचांची थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों की उपस्थिति में शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. कुणाल रविदास की मौत से खेशमी मोहल्ला में मातम पसरा है. मृतक की पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है.

### 24 घंटे बाद मिली उसरी नदी में डूबा युवक की लाश

**गिरिडीह।** बाबा दुख हरण नाथ मंदिर के पास उसरी नदी में सोमवार को डूबे युवक की लाश मंगलवार की दोपहर बरामद कर ली गई है. सोमवार को नहाने के दौरान धनबाद के सिजुआ के न्यू श्याम कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय गौतम चौहान की उसरी नदी में डूबने से मौत हो गई थी. स्थानीय युवकों के अथक प्रयास के बाद भी उसकी लाश बरामद नहीं की जा सकी थी. मालूम हो कि गौतम अपने परिवार वालों के साथ सोमवार को बाबा दुख हरण नाथ मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आया था. पूजा से पूर्व नदी में नहाने गए गौतम की डूबने से मौत हो गई थी. स्थानीय युवकों की नाकामी के बाद प्रशासन द्वारा स्थानीय और धनबाद के गोताखोरों की टीम को युवक की तलाश के लिए लगाया गया. टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक की लाश को बरामद हो सकी.

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

**धनबाद।** काम दिलाने का झांसा देकर यूपी निवासी नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी बरवाअड्डा निवासी संतोष हाड़ी व पीरटांड़ गिरिडीह निवासी गीता देवी को पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने दोषी करार दिया है. अदालत सजा के बिंदु पर बुधवार को सुनवाई करेगी. प्राथमिकी पीड़िता के शिकायत पर बरवाअड्डा थाने में 9 दिसंबर 23 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक पांच दिसंबर 23 को पीड़िता अपने घर से भागकर बनारस आ गई थी. वहां एक होटल में काम कर रही थी. सात दिसंबर 23 को पीड़िता बनारस से धनबाद आ गई जहां उसे गीता देवी मिली, गीता पीड़िता को लेकर बरवाअड्डा अपने घर लेकर आई और उसे वहां छोड़कर कहीं चली गई. पीड़िता ने आरोप लगाया था कि वहां संतोष हाड़ी ,जो पहले से मौजूद था, उसने उसके साथ दुष्कर्म किया.

# शूटरों से एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार व गोलियां बरामद

## वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार भारत एकता को-ऑपरेटिव के स्टोर से मिली

**खास बातें**

- एक कार्बाइन, चार पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद
- बोकारो के कोऑपरेटिव कॉलोनी सेक्टर 12 से बरामदगी

संवाददाता। बोकारो



**शंकर रवानी हत्याकांड**

शंकर रवानी हत्याकांड में पकड़े गए शूटरों की निशानदेही पर बोकारो पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए हथियारों का जखीरा बरामद किया है. बरामद हथियारों में एके 47, कार्बाइन और कई उम्दा किस्म में नाइन एमएम पिस्टल शामिल हैं. ये हथियार बोकारो के कोऑपरेटिव कॉलोनी सेक्टर 12 से बरामद किए गए हैं. पुलिस ने घटना में शामिल कार के चालक गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार को भारत एकता को ऑपरेटिव के स्टोर से बरामद किया है. वहीं, पुलिस को एक एके 47, एक कार्बाइन और चार पिस्टल और 100 से अधिक कारतूस भी बरामद करने में सफलता मिली है. पुलिस ने उक्त स्टोर से भारी मात्रा में विदेशी शराब भी जब्त किया है.जानकारी के मुताबिक पुलिस ने शंकर रवानी हत्याकांड में शामिल चालक वीरेंद्र यादव को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया और उससे पूछताछ की गई. पूछताछ में मिली जानकारी के बाद पुलिस ने भारत एकता को ऑपरेटिव में एक स्टोर में छापेमारी की. जहां से हथियार बरामद हुआ.अशोक सम्राट का है सारा हथियार : पकड़े गए वीरेंद्र ने पूछताछ में बताया कि सारा हथियार अशोक सम्राट का है. बीरेंद्र यादव ने विनोद खोपड़ी को मारने आए थे, इसी बीच पैसे के लिए उसने शंकर रवानी की हत्या कर दी. पुलिस सूत्रों के अनुसार चीरा चास निवासी एक युवक ने विनोद खोपड़ी की रेकी भी की थी. अन्य कई मामले दर्ज थे.अब वह लगभग सभी मामले में बरी हो चुका है और वर्तमान में ठीकेदारी कर रहा है. इसके अलावा वह चास नगर निगम चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटा है.

### दिनदहाड़े हुई थी शंकर की हत्या

18 जुलाई की सुबह कार और बाइक सवार अपराधियों ने सेक्टर 9 में कार धुलवा रहे शंकर रवानी को गोलियों से छलनी कर दिया था. वारदात के बाद शूटर फरार हो गए थे. इसी मामले में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो और बोकारो एसपी के बीच नोक झोंक भी हो गई थी. इस मामले में अशोक सम्राट, राजू दूने समेत पांच लोग पहले से जेल में हैं.

बरामद हथियारों में एक एके 47 राइफल, एके-47 राइफल के दो मैगजीन और 92 कारतूस, एक कार्बाइन, कार्बाइन की दो मैगजीन, एक रिवाल्वर, चार नाइन एमएम पिस्टल और 150 कारतूस बरामद किए गए हैं.

### शिशु के लिए स्तनपान जरूरी : डा. शिवानी झा

**कतरास।** लायंस क्लब कतरास तथा श्री कृष्णा मातृ सदन रानी बाजार कतरास ने संयुक्त रूप से विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर महिलाओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करने के लिए मंगलवार मातृ सदन में शिविर का आयोजन किया. इस दौरान डॉ विश्वनाथ चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष अगस्त माह के पहले सप्ताह में विश्व स्तनपान दिवस मनाया जाता है. डॉ शिवानी झा ने कहा कि स्तनपान कराने वाली महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो, इसके लिए डब्ल्यूएचओ की सिफारिश के अनुसार नवजात शिशु के लिए पीला गाढ़ा चिपचिपा युक्त मां के स्तन का दूध कोलेस्ट्रम संपूर्ण आहार होता है, जिसे बच्चे के जन्म के तुरंत बाद 1 घंटे के भीतर ही शुरू कर देना चाहिए.

## एसएनएमएमसीएच एनआइसीयू का हाल

# 1 वार्मर में 4 नवजात का इलाज

**खास बातें**

- इंफेक्शन फैलने का खतरा

संवाददाता। धनबाद



धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एनआईसीयू वार्ड में भर्ती नवजात शिशुओं के इलाज में परिजनों ने लापरवाही बरतने का आरोप लगा है. एनआइसीयू वार्ड के वार्मर मशीन पर चार शिशुओं को रखकर इलाज करने का आरोप परिजनों ने लगाया है. एक वार्मर में 4 नवजात शिशुओं का ईलाज किया जा रहा है. एसएनएमएमसीएच के एनआइसीयू में कुल 11 वार्मर मशीन है. सभी वार्मर में दो से तीन नवजात का इलाज चल रहा है. एनआइसीयू में वार्मर की संख्या बढ़ाने के लिए कई बार प्रबंधन द्वारा पहल की गयी, लेकिन स्वास्थ्य मुख्यालय की ओर से कोई पहल नहीं की गयी. बता दें कि एक वार्मर मशीन पर एक से अधिक नवजात को नहीं रखा जा सकता है. ऐसा करने से इन्फेक्शन का खतरा बढ़ जाता है. बच्चों को सबसे अधिक इंफेक्शन का खतरा होता है. इसके बाद भी लापरवाही बरती जा रही है. एक बच्चे को कोई गंभीर इंफेक्शन होने पर उससे दूसरे बच्चों को भी फैलने का खतरा बना होता है.

### हर दिन 10 से 15 नवजात एनआइसीयू में होते हैं भर्ती

बता दें कि हर दिन 10 से 15 नवजात एनआइसीयू में भर्ती होते हैं. अस्पताल में गंभीर स्थिति में जन्मे बच्चों के अलावा दूसरे जिलों से भी गंभीर स्थिति में नवजात एसएनएमएमसीएच पहुंचते हैं. एनआइसीयू में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों के अनुसार लगभग हर दिन यही स्थिति बनी रहती है. वार्मर मशीन कम और नवजात की संख्या ज्यादा होने पर कई बार तो एक में तीन-चार बच्चों को रख इलाज किया जाता है.

### रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल का दसवां चेंजओवर

**धनबाद।** रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल का दसवां चेंज ओवर कार्यक्रम में अमित जैन अध्यक्ष, राहुल डोकानियां सचिव एवं विनीत तुलस्यान कोषाध्यक्ष चुने गए. रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन अमरेश सिंह ने कहा कि 10 वां चेंजओवर कार्यक्रम और अवार्ड सेरेमनी में मुख्य अतिथि के रूप में 3250 के पीडीजी एसपी बगेरिया शामिल हुए. साथ ही अन्य रोटरी क्लब के अध्यक्ष एवं सेक्रेटरी राजीव गोयल, डॉ. इन्द्र नामधारी, राहुल व्यास, दिनेश केशरी और बीसी ठाकुर शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन दीपक कनोड़िया एवं डॉ. विभाष सहाय ने किया. पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन राहुल गोयल एवं सचिव नीतीश बुबना के अनुपस्थिति में रोटेरियन बलराम अग्रवाल ने बैच पहनाकर आरसीडीसी सत्र 2024-25 के नए अध्यक्ष एवं सचिव का स्वागत किया. इसके बाद शिव अरोड़ा ने मोटिवेशनल स्पीच दिया. रोटेरियन अमरेश सिंह ने कहा कि आरसीडीसी 10 वर्षों से सामाजिक क्षेत्र कार्य कर रही है, जिसमें एनजीओ आशीर्वाद फाउंडेशन द्वारा संचालित वृद्धाश्रम 'रामाश्रम' है.

## झारखंड विधानसभा चुनाव में होगी कांटे की टक्कर: सरयू

संवाददाता। धनबाद



जदयू में शामिल होने के बाद पहली बार जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय धनबाद पहुंचे. यहां उन्होंने कहा कि झारखंड में इस बार विधानसभा चुनाव कांटे का होगा. गठबंधन की भावी तस्वीर कैसी होगी, इसपर उन्होंने कहा कि यह निर्णय पार्टी के अध्यक्ष लेंगे. पूर्व मंत्री बच्चा सिंह के निधन के बाद उनके परिवार से मिलने पहुंचे. विधायक सरयू राय ने कहा कि 11 अगस्त को वह नहीं रहेंगे. इस कारण पहले ही परिवार से मुलाकात करने के उद्देश्य से आये हैं.

**मंईयां योजना को बताया बेहतर, आवेदन जमा करने की तारीख बढ़े :** सरयू राय ने राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मंईयां योजना पर कहा कि यह योजना राज्य सरकार की बेहतर योजना है. सभी वोट बैंक के लिये ऐसा करते हैं. लेकिन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को स्वीकार करनी होगी कि शिविर में व्यवस्था बहुत खराब है. इसमें सुधार करने की जरूरत है. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से आग्रह किया हैं कि 20 अगस्त तक योजना के लिए कैंप की तिथि को बढ़ाई जाए. मुख्यमंत्री ने इस बात को मान लिया है.अगर इस योजना से अंतिम तिथि को खत्म कर दिया जाय तो और भी अधिक अच्छा होता. अन्य राज्यों में भी यह योजना अलग-अलग नाम से लागू है. यहां मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बहुत देर से इस योजना को लाये हैं. साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की है कि 21 से 50 साल के लोगों को बेरोजगारी भत्ता भी शुरू कर देनी चाहिए.

## दो बच्चों का रेस्क्यू, परिवार के हवाले

- एक बच्चा भागने के क्रम में हुआ था ज़ख्मी

संवाददाता। धनबाद



नन्हे फ़रिश्ते मिशन के तहत आरपीएफ़ का अभियान लगातार जारी है. अब तक एक दर्जन बच्चों को रेस्क्यू किया गया है. पांच दिनों पूर्व आठ साल के एक बच्चे और नौ साल की एक बच्ची को आरपीएफ़ ने धनबाद स्टेशन से रेस्क्यू किया था. नौ वर्षीय बच्ची को बालिका गृह में शेल्टर दिया गया था, जबकि आठ वर्षीय बच्चे को चाइल्ड लाइन ने स्टेशन स्थित कैम्प में ही रखा था. भोजन करने के बाद रात को भागने के क्रम में बच्चे के माथे पर गंभीर चोट आई. चाइल्ड लाइन पहले उसे एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले गया. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बाद में उसे असर्फ़ी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष में भेज दिया गया. सीडब्लूसी चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी व ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी ने हॉस्पिटल के सीईओ हरेंद्र सिंह से बातचीत की. सीईओ के निर्देश पर डॉक्टरों ने बच्चे का इलाज किया. इस बच्चे पर असर्फी अस्पताल की जीएम ऑपरेशन डॉ. स्वाति सिन्हा निगरानी रख रही थी. बच्चा कोमा में चला गया था. मंगलवार को दोनों बच्चों के परिजन सीडब्लूसी कार्यालय पहुंचे. अस्पताल से बच्चे को रिलीज़ कराकर परिवार को सुपुर्द किया गया. दोनों बच्चों के परिजन बोकारो ज़िले के बालीडीह क्षेत्र के रहनेवाले हैं. बच्ची की मां बीमार है, जबकि पिता दिव्यांग हैं. दोनों बच्चे भीख मांगते हुए रेस्क्यू किए गए थे. परिवार से मिलकर दोनों बच्चों की आंखों में आंसू छलक पड़े. सीडब्लूसी चेयरपर्सन ने कहा कि चाइल्ड लाइन में बच्चे के घायल होने की घटना की जांच हो रही है. स्टेशन में ऐसे मामले आने पर जीआरपी और आरपीएफ़ को भी सुरक्षा के मद्देनज़र सहयोग देना चाहिए. असहाय बच्चे के बेहतर इलाज में मदद के लिए उन्होंने हरेंद्र सिंह के सहयोग की सराहना की.

### 9 अगस्त को क्रांति दिवस मनाएगी मासस

**धनबाद।** पुराना बाजार के टैंपल रोड स्थित मासस कार्यलय में मंगलवार को मार्क्सवादी युवा मोर्चा (मायुमो) जिला कमेटी की बैठक हुई .बैठक की अध्यक्षता मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने की. बैठक में मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो उपस्थित थे. बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि मासस केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार इस वर्ष 9 अगस्त को क्रांति दिवस निरसा में मनाया जाएगा. जिसमें मार्क्सवादी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की ऐतिहासिक भागीदारी होगी. इसकी तैयारी शुरु कर दी गई है. मौके पर मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, सुरेश दास, कृष्ण कुमार उर्फ लला, अर्धेंदु दत्ता, विनय साव, राजेश सिंह, सुजीत कुमार समेत मोर्चा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### हर वर्ष लाखों टन कोयला उत्पादन का था टारगेट. दो साल से शून्य है उत्पादन

## एशिया का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड माइंस दो साल से पड़ा है बंद

ओमप्रकाश । धनबाद

बीसीसीएल और एशिया का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड माइंस चालू के कुछ दिनों बाद बंद हो गया. प्रोजेक्ट माइनॉप आउटसोर्सिंग द्वारा संचालित किया जा रहा था.जो 2022 के शुरूआत में कुछ दिनों तक उत्पादन हुआ और फिर बंद हो गया. आउटसोर्सिंग परियोजना की शुरुआत बीसीसीएल द्वारा बीते पांच वर्षों पहले हुआ था लेकिन लगातार जमीन विवाद और आंदोलन के कारण माइनॉप आउटसोर्सिंग की हालत बिगड़ती गई. अब माइनॉप अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट को चालू करने को लेकर फिलहाल बीसीसीएल प्रबंधन का इरादा नहीं है.

### प्रतिवर्ष लाखों टन कोयला उत्पादन की थी योजना

बीसीसीएल के बरोरा एरिया में बने माइनॉप अंडरग्राउंड आउटसोर्सिंग बीते दो साल से अधिक समय से बंद पड़ा है. वैसे इस बड़ी परियोजना का उत्पादन शुरुआत होने के कुछ माह बाद ही बंद हो गया .बताया जाता है की माइनॉप अंडरग्राउंड आउटसोर्सिंग परियोजना प्रतिवर्ष जहां लाखों टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य था. प्रतिदिन पांच से आठ हजार टन कोयला उत्पादन की योजना बनी थी लेकिन वन विभाग और कोल प्रबंधन के कारण फिलहाल मामला भी कोर्ट में पेंडिंग है. आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने कीमती मशीन को लाया वापस : माइनॉप अंडरग्राउंड आउटसोर्सिंग परियोजना के प्रबंधक ने अपना कीमती मशीन को अंडरग्राउंड माइंस से निकाल लिया है. जिसमे एसडीएल और कुछ अन्य मशीन को अंडरग्राउंड माइंस से निकाल लिया है ताकि कोई नुकसान न हो. इधर माइनॉप अंडरग्राउंड आउटसोर्सिंग परियोजना के बंद हो जाने से जहां सैकड़ों विस्थापित ग्रामीणों का नियोजन अधर में लटक गया वहीं बीसीसीएल का इस बेहतरीन प्रोजेक्ट को कोई देखने वाला नहीं .प्रोजेक्ट के आसपास के इलाके में मायूसी छा गई है.

### कवायद : बेलगड़िया की महिलाओं को मिले मंईयां सम्मान योजना का लाभ

# कैंप लगाकर अग्नि प्रभावितों की समस्या का करें समाधान : डीसी

**खास बातें**

- उपायुक्त की अध्यक्षता में जेआरडीए की समीक्षा बैठक

संवाददाता। धनबाद



**सीओ व बीसीसीएल के पदाधिकारियों को शिफ्टिंग में तेजी लाने का निर्देश**

उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की समीक्षा बैठक की गई. बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि अक्सर कई लोग अग्नि प्रभावित क्षेत्र से अपनी-अपनी समस्याएं को लेकर आते हैं. उनके समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित क्षेत्र में कैंप लगाकर उनकी बातों को सुने एवं समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करें.

उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को अपनी टीम भेज कर बेलगड़िया में राशन कार्ड निर्माण एवं डीलर चेंज करने से संबंधित कार्य करने का निर्देश दिया. जेआरडीए के तहत चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा की गई. उपायुक्त ने झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की अद्यतन स्थिति एवं पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों पर हुए कार्य की जानकारी जेआरडीए के संबंधित पदाधिकारी, संबंधित विभाग, अंचलाधिकारी एवं बीसीसीएल पदाधिकारी से ली. इस दौरान जेआरडीए की एसओपी, लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) की सत्यापन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, आवंटन एवं स्थानांतरण, टाउनशिप एरिया के विकास, जमीन संबंधित समस्याएं, हाई रिस्क साइट्स, आवंटन, पुवर्नास, प्रपोज इंफ्रास्ट्रक्चर समेत कई बिंदुओं पर हुए प्रगति की समीक्षा की गयी. उन्होंने इससे संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

### बुनियादी जरूरतों को बहाल करने का निर्देश

इस दौरान जेआरडीए पदाधिकारी ने बिजली की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, बस स्टैंड, पार्किंग, कॉलेज की मरम्मती, सामुदायिक भवन,आईसीडीएस केंद्र खोलने, जन औषधी केंद्र खोलने, मनरेगा कार्ड बनाने, सामुदायिक शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय निर्माण, सड़क निर्माण, ट्रांसपोर्ट की सुविधा, रोजगार हेतु व्यवस्था, राशनकार्ड निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र, स्किल डेवलपमेंट, एलटीएच के दस्तावेज जांच, फेज वार पानी एवं बिजली की व्यवस्था, इंटरनेट की बेहतर सुविधा, पौधरोपण, समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं से संबंधित आ रही समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया. उपायुक्त द्वारा सभी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया. उन्होंने सम्बंधित अंचलाधिकारियों एवं बीसीसीएल के पदाधिकारियों को शिफ्टिंग में तेजी लाने का निर्देश दिया.

### कैंप लगाकर स्वास्थ्य सुविधा करें बहाल

टाउनशिप में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि बेलगड़िया टाउनशिप में कैंप लगाकर लोगों को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से जोड़ एवं उसका लाभ पहुंचाएं. इसके अलावा डीपीएम जेएसएलपीएस को एसएचजी की सभी दीदियों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जोड़ने के लिए निर्देशित किया गया. साथ ही जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को समाज कल्याण के योजनाओं से बेलगड़िया टाउनशिप में रह रहे लाभुकों को योजना का लाभ पहुंचाने एवं आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का निर्देश दिया गया. मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बीसीसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल एवं अन्य पदाधिकारी, जेआरडीए के पदाधिकारी एवं कर्मी समेत अन्य मौजूद रहे.

## स्टेट बैडमिंटन में सुजल रक्षित का जलवा

**खास बातें**

- डीसी माधवी मिश्रा ने दी बधाई

संवाददाता। धनबाद



उपायुक्त ने झारखंड स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप के विजेता एवं उप विजेता से मुलाकात की. धनबाद के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिये उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए जिला प्रशासन हमेशा आपके साथ है. ऐसे ही अपने जिला, राज्य के साथ-साथ देश का नाम रौशन करें. एसोसिएशन के बैडमिंटन कोच संदीप डे ने बताया कि धनबाद जिला बैडमिंटन एसोसिएशन से निबंधित बैडमिंटन अकादमी के खिलाड़ी सुजल रक्षित एवं पीहू सिंह ने गिरिडीह में 24 से 26 जुलाई तक तीन दिवसीय योनेक्स सनराइज़ झारखंड स्टेट बैडमिंटन चैम्पियनशिप सह राष्ट्रीय सेलेक्शन ट्राइल में सुजल रक्षित ने अंडर 17 सिंगल में उपविजेता एवं डबल्स में जमशेदपुर के सूरज प्रताप सिंह की जोड़ी विजेता रही. पीहू सिंह और जमशेदपुर की कनिष्का रे की जोड़ी अंडर 17 गर्ल्स डबल्स में भी उपविजेता रही. अनामिका घोष और वैष्णवी सिंह की जोड़ी अंडर 19 गर्ल्स डबल्स में भी उपविजेता रही. अकादमी के सुजल रक्षित का चयन 24 से 26 जुलाई को गिरिडीह इंडोर स्टेडियम में आयोजित झारखंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप सेलेक्शन ट्राइल में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया गया. जिसमें सुजल रक्षित अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए 21 से 26 सितंबर में होने वाली योनेक्स -सनराइज़ राष्ट्रीय सब जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप पंचकुला, हरियाणा में भाग लेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### एसएनएमएमसीएच : डॉ. चंद्रशेखर सुमन को अतिरिक्त जिम्मेदारी

**धनबाद।** धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था बेहतर करने के लिए डॉक्टर चंद्रशेखर सुमन को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसको लेकर प्राचार्य ने कार्यालय आदेश जारी कर दिया है. बता दें कि इस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्या डॉक्टर ज्योति रंजन प्रसाद अधीक्षक के प्रभार में हैं. अपने कार्यालय आदेश में प्राचार्य से अधीक्षक ने कहा कि कार्य की अधिकता तथा आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में कार्य संचालन को बेहतर करने के लिए डॉक्टर चंद्रशेखर सुमन को विभागाध्यक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर अस्पताल के दैनिक कार्यों के संचालन में अधीक्षक को सहयोग करेंगे. इस आदेश की प्रतिनिधि भी विभागाध्यक्षों को भी भेज दी गई है.

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष कैद

**धनबाद।** शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी बरवाअड्डा निवासी प्रकाश रजवार को बीस वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. सोमवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर गोविंदपुर थाने में 26 मार्च 22 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि 19 मार्च 2022 को प्रकाश ने उसे प्रलोभन दिया कि वह उससे शादी करेगा. उसे साहिबगंज के एक शिव मंदिर में ले गया.

### नई लाभुक समिति ने पूरा किया था काम : मुखिया

**तोपचांची।** प्रखंड के गुनघुसा पंचायत के सुकुडीह स्थित उर्दू मध्य विद्यालय में जलापूर्ति योजना के भुगतान मामला शिकायत के बाद तोपचांची प्रखंड कार्यालय में जांच प्रक्रिया के अधीन है. मामले में पंचायत के मुखिया लक्ष्मी नारायण बरनवाल ने कहा कि पूर्व मुखिया द्वारा योजना का चयन एवं लाभुक समिति का गठन किया गया था. लाभुक समिति के गठन के बाद शायद 15000 की निकासी की गई थी. उन्होंने उक्त योजना से संबंधित जगह पर देखा कि काम सिर्फ फाउंडेशन तक हुआ था. काम अधूरा पड़ा हुआ था. हमने अपने पंचायत सचिव से योजना से संबंधित जानकारियां प्राप्त की एवं उन्हें योजना को जांच करने को कहा. योजना के लाभुक समिति के अध्यक्ष व सचिव का पासबुक व चेकबुक पुर्व मुखिया पति के पास रख लिया गया था. लाभुक समिति को नोटिस जारी किया गया. लाभुक समिति ने कहा कि योजना का कार्य करने में असमर्थ हैं. जिसके बाद नए लाभुक समिति का गठन करके कार्य को पूर्ण करवाया.

### मनीष बने भाजयुमो ग्रामीण के जिलाध्यक्ष



**धनबाद।** धनबाद सांसद ढुलू महतो के प्रतिनिधि मनीष साव भाजपा युवा मोर्चा ग्रामीण के जिलाध्यक्ष बने. वहीं नित्यानंद मंडल को भाजयुमो महानगर जिलाध्यक्ष बनाया गया है. भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने युवा मोर्चा जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी है. दोनों को जिले के भाजपा नेताओं ने बधाई दी.

# एएनएम प्रशिक्षण केंद्र मान्यता पर खतरा

**खास बातें**

- एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में एक भी शिक्षक नहीं
- सरकार को कराया है मामले से अवगत : सीएस

**धनबाद । अर्जुन मंडल**

जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से सदर अस्पताल परिसर में संचालित एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में शिक्षक की कमी से जूझ रहा है, जिससे नर्सिंग छात्राएं परेशान हैं. प्रशिक्षण केंद्र में 6 शिक्षकों का पद है, लेकिन फिलहाल एक भी शिक्षक उपलब्ध नहीं है. झारखंड नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने मान्यता छीनने की चेतावनी भी दे दी है, लेकिन सरकार ने अभी तक शिक्षकों की कमी पूरी नहीं की है. इससे नर्सिंग स्कूल बंद होने का संकट है. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत की है. सिविल सर्जन ने कहा है कि सरकार को इस बारे में अवगत कराया गया है और शिक्षकों की मांग की गई है. बता दें कि स्कूल के प्राचार्य का प्रभार स्कूल में अनुबंध पर सेवा दे रहे ट्यूटर अर्चना को दिया गया है. पहली बार ऐसा हुआ है कि नर्सिंग स्कूल में एक भी सरकारी शिक्षक नहीं है. अनुबंधित ट्विटर को स्कूल का प्राचार्य बनाया गया है. इधर झारखंड नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल की मान्यता छीन लेने की चेतावनी के बावजूद अभी तक सरकार की ओर से यहां पर शिक्षकों की कभी पूरी नहीं की गई है. लिहाजा अब काउंसिल की टीम कभी भी स्कूलों का निरीक्षण कर सकती है. काउंसिल ने पहले ही स्पष्ट किया है कि स्थाई शिक्षक नहीं होने पर स्कूल की मान्यता रद्द कर दी जाएगी.

**सरकार की उदासीनता से सभी परेशान :** एएनएम नर्सिंग स्कूल में फिलहाल नर्सिंग की छात्राएं पढ़ाई कर रही हैं. लेकिन सरकार की उदासीनता से अब सभी परेशान हो गई है. 2 वर्ष के पाठ्यक्रम के लिए नर्सिंग की छात्राओं को कंपटीशन पास करके नामांकन मिलता है. धनबाद में छात्राओं के लिए प्रत्येक वर्ष 30 का नामांकन होता है.इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार को जल्द से जल्द शिक्षकों की नियुक्ति करनी चाहिए, ताकि नर्सिंग छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित न हो. साथ ही, झारखंड नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल की मान्यता को बनाए रखने के लिए भी सरकार को कदम उठाने चाहिए. नर्सिंग स्कूल के बंद होने से छात्राओं के भविष्य पर असर पड़ेगा और स्वास्थ्य सेवाओं में भी कमी आ सकती है.

### दिव्यांग बच्चों की बनाई वस्तुओं की लगी प्रदर्शनी

**धनबाद।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से जगजीवन नगर स्थित पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित हस्तकला सामग्रियों की प्रदर्शनी डीआरएम कार्यालय परिसर में मंगलवार को लगाई गई. प्रदर्शनी का उद्घाटन डीआरएम कमल किशोर सिन्हा और उनकी पत्नी गरिमा सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. प्रदर्शनी में आकर्षक राखी, तोरण, वंदनवार, नाइटी, प्लाजो, बास्केट, बैग समेत अन्य सामग्रियां रखी गई थी. मौके पर डीआरएम ने कहा कि पहला कदम के बच्चों के अंदर छिली कलात्मक प्रतिभा को उभारकर स्वावलंबी बनाना सराहनीय प्रयास है. सचिव अनीता अग्रवाल ने कहा कि राखी और दीपावली के अवसर पर बच्चों द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई जाती है. प्रदर्शनी लगाने का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को स्वावलंबी बनाना है. साल भर मेहनत कर ये बच्चे आकर्षक सामान बनाते हैं.

# निरसा में मोटर पार्ट्स दुकान से लाखों रुपए की चोरी

**संवाददाता । मैथन**

निरसा थाना क्षेत्र के निरसा कांटा एनएच-2 के किनारे स्थित श्री दुर्गा मोटर्स पार्ट्स दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 54 हजार रुपए नगद और 1 लाख 96 हजार हजार के पार्ट्स चोरी कर लिया है. इस संबंध में भुक्तभोगी दुकानदार ने निरसा थाना में शिकायत दर्ज कराई है. निरसा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है. भुक्तभोगी दुकानदार चंदन कुमार ने बताया कि सोमवार की रात 8 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था. मंगलवार की सुबह जब दुकान खोलने आया तो देखा कि शटर में लगा हुआ ताला गायब है. जब दुकान का शटर उठाकर दुकान में प्रवेश किया तो पाया कि मोबिल का बाल्टी, फिल्टर, क्लच प्लेट एवं कई



पार्ट्स गायब हैं. गल्ला में रखा 54 हजार रुपए नगद भी गायब है. चोरों ने लगभग ढाई लाख रुपए की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया. वारदात को अंजाम देकर चोरों ने शटर लगा दिया था. नेशनल हाईवे पर रात दिन वाहनों का आवागमन रहता है. बावजूद इसके भी चोरी की घटना से दुकानदारों में आक्रोश है.

### ईसीएल श्यामपुर कोलियरी में हस्ताक्षर अभियान

**मैथन।** एक्टू के कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बैनर तले मजदूरों ने ईसीएल के श्यामपुर कोलियरी में विभिन्न मांगों को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया तथा प्रदर्शन किया. मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार की दमनकारी मजदूर विरोधी, श्रम कानून में बदलाव, निजीकरण, अपराधिक कानून, ठेका प्रथा, नई पेंशन योजना, महंगाई के खिलाफ मजदूरों द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है. मजदूरों द्वारा हस्ताक्षरित पत्र प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन के रूप में सौंपा जाएगा. उपरोक्त मांगों को लेकर 9 अगस्त को जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा. वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक ढंग से मजदूर संगठनों से बगैर बिना चर्चा किए नया बिल पेश कर दिया. श्रम संगठनों से चर्चा कर मजदूरों के हित में हो उसे लागू किया जाए।

# साहब ! यहां तैरना है या चलना

## बारिश के बाद कतरास के पचगढ़ी-सब्जी बाजार का हाल बेहाल

**राम कुमार पाण्डेय। कतरास**





कतरास शहर के मुख्य मार्ग में दो दशक से लोगों जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं. इस दौरान कई मर्तबा शासन-प्रशासन बदला, लेकिन नहीं बदली तो कतरास शहर की सूरत. मंगलवार को महज एक घंटे के बारिश होने पर नगर निगम की कलई खुल गई. बारिश से पंचगढी बाजार की मुख्य सड़कें टापू में तब्दील हो गई हैं. कतरास थाना चौक से लेकर राजस्थानी धर्मशाला तक का नजारा किसी झील से कम नहीं लग रहा था.शहर के मुख्य मार्ग में जलजमाव के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा. सड़कों के किनारे खड़ी दो पहिया वाहन पानी में डूब गए. दुकानों, गोदामों व घरो में नाली का गंदा पानी प्रवेश कर गया. सड़क किनारे ठेला खोमचा लगाकर दुकानदारी करने वाले लोगों की दुकानों का सारा समान पानी में डूब गया. सब्जी विक्रेताओं की सब्जियां सड़कों पर तैरती दिखी. स्कूली बच्चे सहित पैदल चलने वाले लोग कमर भर पानी में डूब कर चलने को मजबूर हुए. स्कूली बसें सहित अन्य वाहन सड़कों में जल जमाव के कारण जहां-तहां फंसी रही. सड़कों पर भारी जल जमाव की खबर पाकर कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह स्वयं सड़क पर उतरे और लोगों की मदद की. जल जमाव को देखकर हर कोई नगर निगम को कोस रहा था. मालूम हो कि नगर निगम शहर की नालियों की साफ सफाई में हर वर्ष सरकारी खजाना से लाखों खर्च करती है. लेकिन योजनाओं में घालमेल के कारण आम आदमी को परेशानी के साथ साथ दुकानदारों-व्यवसायियों को लाखों रूपये बर्बाद होते हैं. बरसात के पहले तक योजनाएं बनती है. धरातल पर उतरते-उतरते बारिश का मौसम ही खत्म हो जाता है.सफाई महज कागजों में सिमट कर रह जाता है, नतीजा शहरवासी वर्षों से जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं. इससे मुक्ति दिलाने को नेता से लेकर अधिकारी बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते हैं लेकिन हाल जस का तस है.

### जलजमाव से परेशान बावजूद, निगम मौन : सूर्यदेव मिश्रा

कतरास मंडल महामंत्री सूर्यदेव मिश्रा ने निगम अधिकारी सरकारी पैसों का बंदरबांट करते हैं. शहर का नाला जाम रहने से नाली का पानी बजार में बहकर पहुंचता है. शहर का मुख्य मार्ग में लबालब पानी जमा हो जाता है कहा कि बजबजाती नाली का गंदा पानी वाटरबोर्ड के पाइप लाइन के माध्यम से लोगों के घरों में पहुंच रही है. जिसे पीकर लोग रोगग्रस्त हो रहे हैं.चारों तरफ गंदगी का अंबार है. बावजूद निगम अधिकारी मौन साधे हैं.

### कुम्भकर्णी नींद में है नगर निगम : दान सिंह

रानीबाजार निवासी दान सिंह कहते हैं कि पंचगढ़ी बाज़ार के सब्जी पट्टी रोड में जल जमाव की समस्या 20 वर्षों से लोग जूझ रहे हैं. जनता के इस गंभीर समस्या से किसी जनप्रतिनिधियों को सरोकार है. 10 साल से ऊपर हो गए नगर निगम को बने पर फिर भी इस समस्या की अनदेखी हुई.अनेकों बार निगम के अधिकारियों समस्या से अवगत कराया गया बावजूद निगम अधिकारी कुम्भकर्णी नींद में सोए हैं. जल जमाव के कारण रानी बाज़ार, गुजराती मुहल्ला, गुहिबांध, भगत मुहल्ला सहित आधा शहर प्रभावित है.जल जमाव के कारण हजारों लोग बीमारियों से जूझ रहे हैं. यथाशीघ्र इस पर नगर निगम को संज्ञान लेने की जरूरत है.

### निगम केवल खानापूर्ति करती है : अशोक प्रकाश लाल

कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल ने कहा कि निगम में सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति होती है योजनाओं के पैसे का बंदरबांट किया जाता है. जिसका खामियाजा जलजमाव से कतरास के लोगों परेशान रहते हैं. एक दशक से अधिक समय नगर निगम के बने हो गया लेकिन शहर तस्वीर नहीं बदली. उन्होंने कहा कि आम जनता को भी सफाई के प्रति जागरूक होना पड़ेगा. लोगों से अपील करते हुए कहा कि कूड़ा प्लास्टिक नालियों में ना फेंके.

### बीसीसीएल सेंट्रल स्पोर्ट्स 22 अगस्त से शुरू

**केंदुआ।** बीसीसीएल सेंट्रल स्पोर्ट्स 22 अगस्त से जनवरी 25 के द्वितीय सप्ताह तक आयोजित होंगे. कोल इंडिया फुटबॉल बीसीसीएल में फरवरी 25 में, कैरम सीएमपीडीआईएल में जनवरी 25 व एथलेटिक्स फरवरी 25 में एसईसीएल में होंगे. कल्याण विभाग की विभागाध्यक्ष निर्मला किरण ने बीसीसीएल के खेल संबंधित सभी एरिया को इवेंट,आयोजन तिथि व स्थान का जारी कर कार्यक्रम घोषित किया है. खेल का आयोजन 22 जुलाई से होना था लेकिन फंड निर्गत होने में विलंब के कारण ब्रिज व टेबल टेनिस के खेल को स्थगित कर दिया गया. दोनों खेलों की तिथि बाद में तय किये जाने की संभावना है लेकिन इसके विजेता कोल इंडिया स्पोर्ट्स में भाग नहीं ले पाएंगे. कल्याण विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार वेट लिफ्टिंग,बॉडी बिल्डिंग छह अगस्त को गोविंदपुर एरिया,वॉलीबॉल 22 से 23 अगस्त तक इजे एरिया,लौन टेनिस 30 अगस्त बरोरा एरिया ,शतरंज चार से छह सितंबर तक सीवी एरिया,फुटबॉल नो से 14 सितंबर सिजुआ एरिया,कबड्डी 19 से 20 सितंबर कतरास एरिया,कल्चरल 26 से 27 सितंबर बस्ताकोला एरिया,हॉकी (ट्रायल) चार अक्टूबर कुसुंडा एरिया,कैरम पांच से छह दिसंबर पीबी एरिया,बैडमिंटन 22 व 23 दिसम्बर हेड क्वार्टर नेहरू कॉम्पेलक्स,क्रिकेट नौ से 14 दिसम्बर लोदना एरिया एथलेटिक्स का आयोजन जोन के आधार पर होगा. जोन वन गोविंदपुर,बरोरा,कतरास ,ब्लॉक टू का एथलीट 17 व 18 दिसम्बर ब्लॉक टू में, जोन टू कुसुंडा, सिजुआ, डब्ल्यु जे एरिया का 20 व 21 दिसम्बर कुसुंडा एरिया में,जोन थ्री लोदना,बस्ताकोला, ई जे एरिया, मेन रेस्क्यू का 23 व 24 दिसम्बर बस्ताकोला एरिया में व जोन फोर सीवी एरिया, हेड क्वाटर सिनिडीह वर्कशॉप, सीएचडी व सिसिडब्ल्यूओ का 26 व 27 दिसम्बर को सीवी एरिया में होगा.

# ट्रैफिक पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**संवाददाता । धनबाद**

सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराने को लेकर ट्रैफिक पुलिस शहर में वाहन जांच अभियान चला रही है. इसी कड़ी में मंगलवार को सरायढेला थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस अभियान में बिना हेलमेट पहने, ट्रिपल लोड, पॉल्यूशन पेपर और वैध कागजात के दोपहिया वाहन चलाने वाले करीब एक दर्जन वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया. जुर्माना वसूलने के बाद वाहन चालकों को ट्रैफिक नियम का पालन करने और अपडेट कागजातों को रखने की हिदायत दी गई. साथ ही चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की सलाह दी गई.

### नए श्रम अधीक्षक ने पदभार किया ग्रहण

**धनबाद।** धनबाद श्रम कार्यालय में मंगलवार को श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार ने पदभार ग्रहण किया. निवर्तमान श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार ने कागजी प्रक्रिया के बाद पदभार सौंपा. इस दौरान प्रवीण कुमार को फूलों का गुलदास्त और पौधा भेंट किया गया. पदभार ग्रहण करने के बाद श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता मजदूरों को समय पर उनकी न्यूनतम मजदूरी दिलाना रहेगा. साथ ही कहा कि बुधवार को श्रम नियोजन कार्यालय की ओर से रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बेरोजगारी युवक युवतियां अपने योग्यतानुसार रोजगार पा सकेंगे.




चूल्हा चौकी, नावाडीह (असर्फी अस्पताल के समीप, धनबाद)





### कार्यपालक अभियंता पर लगाया अवैध कमाई का आरोप

**संवाददाता । निरसा**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव को ज्ञापन देकर कार्यपालक अभियंता राम प्रवेश राम के अवैध कमाई की जांच कराने की मांग की है. ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2008 से रामप्रवेश राम बोकारो जिले के चास में सहायक अभियंता के पद आसीन थे. प्रोन्नति पाकर तेनुघाट गए. फिर तेनुघाट से स्थानांतरण कराकर चास लौट आए. फिलहाल वे चास में ही कार्यपालक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं. इस दौरान उन्होंने भरपूर अवैध कमाई की. दिल्ली, नोएडा , पटना और रांची में अपने सगे सम्बन्धियों के नाम बेनामी सम्पति खरीदी. कार्यपालक अभियंता के अवैध कमाई की जांच कराया जाना जरूरी है. ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि कार्यपालक अभियंता के खिलाफ कोई शिकायत करने की हिम्मत करता है तो उसके गुर्गे जान से मारने की धमकी देते हैं. साथ ही हरिजन एक्ट में फसाने की धमकी भी दी जाती है. उनके कार्यकाल के दौरान वर्ष 2008 से लेकर 2024 तक चास व तेनुघाट में जो भी कार्य हुए उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौकाने वाले तथ्य सामने आएंगे.

# विश्व स्तनपान दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

- महिलाओं को किया जागरूक

**संवाददाता । कतरास**



निचितपुर इंस्टिट्यूट ऑफ़ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर और लायंस क्लब ऑफ़ कतरास के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्तनपान जागरूकता रैली निकाली गई. मुख्य अतिथि एनआईइचईआरसी के सचिव कुमार चंदन सहित अन्य अतिथियों ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली फुलवार, प्रधानखंटा, रघुनाथपुर समेत अन्य इलाकों का भ्रमण कर स्तनपान कराने से होने वाले फायदे के बारे में महिलाओं को जागरूक किया. साथ ही स्तनपान नहीं कराने पर होने वाले नुकसान की भी जानकारी दी. मौके पर लायंस क्लब की सरिता सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता मधुमाला, उषा किरण तिर्की समेत सहायक शिक्षिका और संस्थान के कर्मी उपस्थित थे.






**मायूसी** मात्र 15 दिनों में नर्सरी दुकानदारों का सब्र दे गया जवाब

# वेंडिंग जोन को बाय-बाय कह रहे दुकानदार

**संवाददाता । धनबाद**



नगर निगम द्वारा वेंडिंग जोन को बसाने की एक और कोशिश नाकाम होती दिख रही है. वेंडिंग जोन में बसाए गए नर्सरी दुकानदारों यहां से भागने लगे हैं. यहां लगी दुकानों में से आधे से ज्यादा फिर से सड़क के किनारे आ गए हैं. निगम के दो करोड़ खर्च कर बनाये गए वेंडिंग जोन में फिर वीरानी वाली स्थिति हो गई है. मालूम हो कि करीब पंद्रह दिनों पहले रणधीर वर्मा चौक से हटिया मोड़ तक फुटपाथ पर लगने वाले नर्सरी दुकानदारों को नगर निगम ने वेंडिंग जोन में बसा दिया था. मात्र 15 दिनों में ही इन विक्रेताओं का सब्र जवाब दे गया. अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत जाम की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम ने इन नर्सरी दुकानदारों को वेंडिंग जोन में बसाया था. इधर दुकानदारों का कहना है कि वेंडिंग जोन में ग्राहक ही नहीं आ रहे हैं, जिससे बिक्री बुरी तरह प्रभावित हुई है. सड़क किनारे 1500 से 2000 हजार प्रतिदिन कमाने वाले दुकानदारों की वेंडिंग जोन में कमाई मात्र दस फीसदी ही रह गई है. ऐसे में काफी आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि यह वेंडिंग जोन सब्जी, फल, चिकेन विक्रेताओं के लिए बनाया गया था. जब उन्हें बसाने में निगम नाकाम हो गई तो जबरन नर्सरी वालों को सड़क से उठाकर यहां लाया गया.

### बनियाहिर के बाद कोहिनूर मैदान की बारी

नगर निगम द्वारा बनियाहिर में बनाया गया वेंडिंग जोन पूरी तरह फैल हो गया है. पूरे वेंडिंग जोन में एक भी दुकानें नहीं लगती है. यहां सूरज ढलते ही शराबियों का जमावड़ा लगता है. यही हाल कोहिनूर मैदान में दो करोड़ की राशि से बने वेंडिंग जोन का हैं. 192 दुकानों के लिए फुटपाथ दुकानदारों ने इसके उद्घाटन से पहले ही प्रक्रिया के तहत बुकिंग कर लिया था. उद्घाटन के बाद धीरे-धीरे वेंडिंग जोन से दुकानें हटती गई. इसके बाद कई बार प्रयास के बावजूद वेंडिंग जोन को बसाने का प्रयास फेल हो चुका है.

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर आयुक्त की बैठक

**संवाददाता । धनबाद**



उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग की आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने मंगलवार को धनबाद परिसदन में मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सभी ईआरओ और आरओ के साथ समीक्षा बैठक की. इस दौरान उन्होंने स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की अबतक की स्थिति की रिपोर्ट ली. समीक्षा बैठक के बाद आयुक्त अधिकारियों के साथ बूथ निरीक्षण करने झरिया के लिए रवाना हुईं. बता दें कि 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना है. 9 अगस्त 2024 तक स्पेशल समरी रिवीजन के तहत मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जांच कर सकते हैं तथा छूटे हुए मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं. स्पेशल समरी रिवीजन आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड भी लगातार इसकी निगरानी कर रहे हैं.




▼ ब्रीफ खबरें

### दुर्गापुर में ठनका गिरने से किसान जख्मी

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड अंतर्गत दुर्गापुर के चेड़रिया में मंगलवार की दोपहर करीब ढाई बजे ठनका गिरने से स्थानीय निवासी दिनेश चंद्र मांझी के पुत्र विक्रम चंद्र मुर्मू जख्मी हो गये. घटना के वक्त वह अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे. इसी बीच अचानक आसमानी बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आकर जख्मी हो गये. जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया अमरेश कुमार महतो समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे. उसे बेहतर इलाज के लिए बीजीएच में भर्ती कराया गया है.

### महिला को रसेल वाइपर सर्प ने डंसा, गंभीर

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के मधुकपुर पंचायत के मायापुर गांव में अपने धान खेत में बिहन निकाल रही मायापुर निवासी सुभाष कुमार महतो की पत्नी हेमंती देवी (28 वर्षीया) को रसेल वाइपर सांप ने उसके हाथ की अंगुली में काट लिया. सांप के काटने के तुरंत बाद उसने जब हल्ला मचाई तो तो खेत में काम कर रहे अन्य लोग पहुंचे. खेत में मौजूद अन्य लोगों ने मिलकर सांप को पकड़ कर एक डब्बे में बंद कर घर ले आये. उसके बाद चिकित्सा के लिए महिला को कसमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां उपस्थित डॉ एचपी सोरेन एवं स्वास्थ्यकर्मी संतोष महतो ने प्राथमिक चिकित्सा की. इसके बाद उक्त महिला को बेहतर चिकित्सा के लिए बोकारो सदर अस्पताल रेफर कर दिया.

### एक बाल श्रमिक को कराया गया मुक्त

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना अंतर्गत श्रम इंस्पेक्टर ग्रीस चंद्र के नेतृत्व में मंथन संस्था एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के सहयोग से सदर प्रखंड अंतर्गत एक बाल श्रमिक बच्चे को श्रम मुक्त कराया गया. मंगलवार को धावा दल टीम गठित कर साहिबगंज के पश्चिमी फाटक के समीप छापेमारी अभियान चलाया गया. उसी दौरान मुख्य पथ पर मौजूद जसीम गैराज में मोटरसाइकिल रिपेरिंग करते एक बाल श्रमिक को जिरवाबाड़ी पुलिस की सहयोग से पकड़ा गया. गैराज वाले ने टीम को देखकर भागने का कोशिश की, लेकिन वह असफल रहे. जिसके बाद रेस्क्यू किए गए बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया. जिसके बाद बच्चे के माता पिता को सूचित कर बाल कल्याण समिति के समक्ष बुलाया गया और बांड भरवा कर उन्हें सुपुर्द कर दिया गया. वहीं मौके पर शिव प्रसाद ओझा, संजीव कुमार, नवीन कुमार आदि मौजूद थे.

### मंईयां सम्मान योजना अपमान योजना बनी : जदयू

**देवघर।** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव बेनी माधव झा ने कहा कि चुनावी फायदे के लिए हड़बड़ी में सिर्फ वोट प्राप्त करने के लिए लोक लुभावना योजना के नाम पर बिना तैयारी किए हुए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अपमान योजना बनकर रह गई. देवघर समेत राज्य भर से जिस प्रकार महिलाओं को दिन-दिन भर फॉर्म भरने के नाम पर भूखे प्यासे सर्वर फेल के नाम पर बेइज्जत किया जा रहा है. खासकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उनके धन रोपनी के समय में खेती छोड़कर मानसिक, शारीरिक रूप से लगभग प्रताड़ित किया जा रहा है. यह सिर्फ चुनावी फायदे के लिए हड़बड़ी में बिना तैयारी के लाई गई योजना है.

जन सवालों को लेकर गिरिडीह प्रखंड कार्यालय पहुंचे माले नेता, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

# जन समस्याओं को संज्ञान में ले प्रशासन : राजेश

संवाददाता। गिरिडीह



सदर प्रखंड के ग्रामीण इलाकों के कई जन सवालों के साथ ग्रामीणों को लेकर मंगलवार को माले नेताओं ने गिरिडीह प्रखंड मुख्यालय में धमक देते हुए प्रशासन से जन समस्याओं के समाधान की मांग की. अबुआ आवास में गड़बड़ी, ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना की विफलता, सड़क निर्माण में लूट, बिना काम के योजना राशि की निकासी जैसे कई सवालों से संबंधित 7 बिंदुओं में लिखित ज्ञापन बीडीओ को सौंपकर उनके निदान की मांग की गई.

इस बाबत राजेश यादव ने कहा कि उचित कार्यशैली के अभाव के कारण जनता कई समस्याओं से जूझ रही है. कहीं विकास के नाम पर लूट मची है, तो कहीं जमीन की लूट हो रही है. इसका संज्ञान प्रशासन को लेने की जरूरत है, अन्यथा जनाक्रोश बढ़ना स्वाभाविक है. कई सवालों को लिखकर दिया गया है, अगर इसपर कोई कारगर पहल नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा.

राजेश ने कहा कि गिरिडीह अंचल के विशनपुर, करहरबारी, बेरदोंगा सहित जिले भर में कई स्थानों पर सरकारी जमीन की लूट मची है और प्रशासन एक तरह से मौन धारण किए हुए है. कहा कि सरकारी जमीन गरीबों के बीच बांटी जानी चाहिए. दिए गए ज्ञापन के बिंदुओं पर बीडीओ गणेश रजक के साथ बातचीत भी हुई, जबकि जमीन से जुड़े सवालों पर अंचल अधिकारी के साथ फोन पर बात कर उनके अधीनस्थ कर्मी को जरूरी कागजात सौंपे गए.

इस दौरान मुख्य रूप से लोकल सचिव मनोज कुमार यादव सहित लखन यादव, त्रिभुवन यादव, दिनेश यादव, कैलाश यादव, भादो कोल, हिरालाल हेंब्रम, सोमरा हेंब्रम, मेघवाल कोल, मतलु कोल, अमृत कोल, मनोज कोल, पवन कोल, हुलसी देवी, रीना देवी, देवंती देवी, कलावती देवी, गुलबी देवी, हेमंती देवी, ननकी देवी, मुंद्रिका देवी, गुंजरी मोसेमत, झलिया देवी सहित अन्य महिला, पुरुष मौजूद थे.

# हत्या के विरोध में उग्र लोगों का सड़क जाम, एक गिरफ्तार

## परिजनों की मांग पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमार्टम

संवाददाता। कथारा




बेरमो अनुमंडल अंतर्गत कथारा ओपी थाना क्षेत्र के झिरकी रविदास टोला में 25 वर्षीय मनीष कुमार की हत्या के विरोध में मंगलवार को कथारा मुख्य चौक पर आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया. मनीष की हत्या धारदार हथियार से घर में घुसकर की गई थी, जिससे ग्रामीणों में गुस्सा फूट पड़ा. प्रदर्शनकारियों ने मनीष के हत्यारों को फांसी दो की मांग करते हुए नारेबाजी की और हाथों में बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया.

सड़क जाम की सूचना मिलने पर गोमिया सीओ प्रदीप कुमार महतो, कथारा ओपी थाना प्रभारी राजेश प्रजापति, गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोगता, बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह, तेनुघाट पुलिस, दल-बल के साथ पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत कराकर सड़क जाम हटाया.

हालांकि, कुछ असंतुष्ट लोग सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंच गए और मनीष के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने से मना कर दिया. लगभग दो घंटे तक गोमिया सीओ, बोकारो थर्मल थाना इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह, कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति और तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की. अंततः कुछ प्रबुद्ध लोगों की पहल पर प्रदर्शनकारी शांत हुए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया.

सूत्रों के अनुसार पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. उससे पूछताछ की जा रही है. परिजनों के मांग पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया.

### आईजी ने किया साइबर थाना का उद्घाटन

**बोकारो।** जिले में साइबर थाना का उद्घाटन आईजी माइकल राज एस ने सेक्टर 4 जी क्वार्टर नंबर 4043 में विधिवत उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि इस अपराध को खत्म करने के लिए जनता को जागरूक होना सबसे जरूरी है, तभी ऐसे अपराधों पर लगाम लगा पाएंगे. बोकारो जिले का साइबर अपराध थाना हाईटेक है और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए तैयार है,जो साइबर क्राइम कर रहे हैं. बोकारो साइबर थाना के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार बनाए गए हैं. थाने के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य रूप से आईजी माइकल राज एस, डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, एसपी पूज्य प्रकाश, डीएसपी सिटी आलोक रंजन, डीएसपी हेड क्वार्टर अनिमेष गुप्ता, डीएसपी चास प्रवीण कुमार, डीएसपी ट्रैफिक आशीष कुमार महली, सार्जेंट मेजर प्रवीर कुमार, सेक्टर 4 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार, साइबर अपराध थाना के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार, चास थाना प्रभारी इंस्पेक्टर खुर्शीद आलम, सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुदामा कुमार दास, साइबर सेल के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आरके राणा, हरला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार कच्छप, सेक्टर 6 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर धेना किस्कू एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे.

### डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा में भाषण प्रतियोगिता

संवाददाता। कथारा

डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में सीसीए कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरीय सदन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का विषय था, विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व. कक्षा नौवीं से 12वीं के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया. दयानंद सदन से सोहन विश्वास, प्रकृति कुमारी, अरबिंदो सदन से अर्पित अग्रवाल, फलक कुमारी, विवेकानंद सदन से ख्याति मिश्रा, प्रियांशु कुमार तथा श्रद्धानंद सदन से दिव्यांशु कुमार मिश्रा एवं मधु कुमारी ने भाग लिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड जोन जी के निदेशक विपिन राय ने किया. उन्होंने कहा कि बचपन से ही मूल्य के बारे में जागरूक होने से बच्चों के चरित्र का विकास होता है और उसका अस्तित्व का मूल आधार बनता है. एक मजबूत चरित्र विकास उन गुण और मूल्यों के कारण होता है, जो बच्चे बचपन में सीखते हैं जो भविष्य में उनके नैतिक विश्वासों के लिए एक मजबूत आधार के रूप में रहता है.

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में बिना कुमारी, आराधना, मधु मल्लिका उपाध्याय एवं नीलम कुमारी थी. कार्यक्रम का संचालन सीसीए कोऑर्डिनेटर बी के दसौंधी ने किया. इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक पंकज कुमार, पीएन चौधरी, डाक्टर आर एस मिश्रा, शर्मिला ठाकुर, ए के गोस्वामी, टी एम पाठक, जितेंद्र दुबे, अरविंद क्षा, संजय कुमार सिंह, मंतोष कुमार, अमित पाण्डे, रंजीत सिंह, जयपाल साव, शैलेंद्र कुमार, रितेश कुमार, राकेश पाण्डे, अतुल सिन्हा, संजय महतो, जय प्रकाश गिरी, आलोक कुमार सिंह, नीरज सिन्हा, सुधांशु यादव, विमलेश कुमार, अमरनाथ यादव, राहुल कुमार, शिव प्रकाश सिंह, खुशबू सिंह, ओशिन, सुमन कुमारी, पुष्पांजलि राव, गौरव तिवारी, विकास कुमार, पिंटू दुबे, केके पांडे, दीपक कुमार सिंह, सी के सिंह, लाल बाबू प्रसाद यादव, दीपक श्रीवास्तव, विजय वर्मा, शुभम कुमार, सुमन पाण्डे सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे.

क्या करें, क्या ना करें, ये कैसी मुश्किल हाय, कोई तो बता दे . . .

# सर्वर में गड़बड़ी से नहीं हो रहा फार्म जमा, न खेत में हो पा रही धनरोपनी

शेखर शरदेंदु। बोकारो

झारखंड की वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना आगाज तो बड़ी धूमधाम से किया, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण इस योजना की स्थिति पिछले तीन दिनों में बदतर हो गयी. संयोग की बात तो यह है कि ठीक इसी समय खेतों में बारिश का पानी लबालब भरा हुआ है, जिससे धनरोपनी के लिए बिचड़े अब किसानों की बाट जोह रहे हैं. बोकारो जिले के कसमार प्रखंड हो या अन्य कोई भी क्षेत्र, हर क्षेत्र में भले ही खेतों में हल जोतने से लेकर कुदाल से खेत तैयार करने का काम पुरुष किसान करते हैं, लेकिन धनरोपनी का शत प्रतिशत काम महिलाएं ही करती हैं. इस परिस्थिति में मंईयां सम्मान योजना में मंईयां के सामने अजीब दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो गयी है. महिलाएं खेत में अगर धनरोपनी न करे, तो साल भर की खेती चौपट हो जाएगी या फिर अगर मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म ऑनलाइन न कराए, तो इस सरकारी लाभ से चूक जाए. इस स्थिति में क्या करें, क्या ना करें, ये कैसी मुश्किल हाय, कोई तो बता दे इसका हल ओ मेरे भाई... जैसी चर्चित गीत सटीक बैठती है. मालूम हो कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत 3 अगस्त से हुई. शुरुआती सरकारी आदेश के अनुसार 10 अगस्त तक राज्य के सभी जिले व सभी प्रखंड, सभी पंचायत के सभी गांव में इस योजना के अहर्ताधारी 21 से 49 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये की सम्मान राशि उनके बैंक खाते में भेजे जाने का प्रस्ताव है. अब इस योजना का हाल ऐसा है कि दिनभर महिलाएं पंचायत भवनों में फॉर्म लेकर बैठी रहती है, लेकिन सर्वर नहीं रहने के कारण उनका फॉर्म ऑनलाइन नहीं हो पा रहा है. बार-बार पंचायत भवनों का वे चक्कर लगा रही हैं, लेकिन सर्वर की तकनीकी खराबी ने इस योजना का बेड़ा गर्क कर दिया है. हालांकि सोमवार शाम इस योजना के ऑनलाइन फॉर्म अपलोडिंग में कुछ राहत दी गयी है, जिससे इसकी प्रक्रिया अब आसान होने की उम्मीद है. जानकर बताते हैं कि यह योजना तभी सफल साबित होगी, जब इसका फॉर्म ऑफलाइन जमा कर सरकारी स्तर पर बाद में अपलोड किया जाए.

**हाल बोकारो जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का**

### साइकिल चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार

**पथरगामा।** स्कूली बच्चों के बीच बांटने के लिए रखे गए साइकिल की चोरी करने के मामले में चार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. मामला पथरगामा प्रखंड मुख्यालय का है. बीते सोमवार को पथरगामा पुलिस को सूचना मिली कि पथरगामा प्रखंड परिसर में रखे गए सरकारी साइकिल में से कुछ साइकिल को चोरी करने की नियत से वहां से हटाकर चावल गोदाम के पीछे छुपाकर रख दिया गया है. इस सूचना के बाद पुलिस ने सभी चार साइकिल को बरामद कर लिया. घटना के अनुसंधान के क्रम में दो लड़कों को हिरासत में लिया गया. पूछताछ के आधार पर दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया. इसके पास से तीन बारह वोल्ट का बैटरी, पचास लीटर डीजल, ट्रक का पट्टा सहित अन्य सामानों को बरामद किया. पकड़े गए लडकों में दीपक यादव, राजा भगत, सोनेलाल साह और अंगूरी साह शामिल है. छापेमारी दल में थाना प्रभारी अभिनव आनंद, रवि किस्कू सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

### जिप अध्यक्ष की पहल पर गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

**गिरिडीह।** जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी की पहल के बाद 15 दिनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदल कर नया लगाया गया. जिप अध्यक्ष ने बताया कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र की मोतीलेदा पंचायत के मंझलाटोला गांव में करीब 15 दिन पहले ट्रांसफार्मर जल गया था. तब से लोग अंधेरे में रहने को मजबूर थे. बिजली नहीं रहने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी. ग्रामीणों की सूचना के बाद उन्होंने बिजली विभाग के अधिकिरियों से मिलकर 63 केवीए के ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कराकर गांव में लगवा दिया. इससे ग्रामीणों की परेशानी दूर हो गई है. जिप अध्यक्ष ने मंगलवार को ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया. गांव में बिजली आने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है. जिप अध्यक्ष ने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो, तो उनसे सीधे मिलकर जानकारी दें, वह समाधान का हर संभव प्रयास करेंगी.

### अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री को किया सम्मानित

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के भयहरण मंडा में स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में मंगलवार को जिप अध्यक्ष मुनिया देवी के सौजन्य से सम्मान सह अभिनंदन समारोह आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव एवं संचालन मंडल महामंत्री बीरेंद्र पांडेय ने की. आयोजित बैठक में भाजपा के जनसंघ काल के नेता एंथोनी स्वामी को प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर सम्मान सह अभिनंदन समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया. इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर और बुके देकर एंथोनी स्वामी को स्वागत किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पहुंचे जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने शॉल ओढ़ाकर एंथोनी स्वामी को सम्मानित किया. नवनियुक्त अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री ने कहा कि पार्टी ने जिम्मेवारी दी है, उस पर खरा उतरूंगा और पार्टी को मजबूती प्रदान करूंगा.

### दिव्यांग बच्चों के लिए लगा विशेष जांच शिविर

**साहिबगंज।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्ग दर्शन में जिले के प्रत्येक प्रखंडों में दिव्यांग बच्चों की जांच के लिए सरकार द्वारा विशेष जांच शिविर लगाया गया. शिविर में वैसे बच्चे जो शारीरिक अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग हैं, उनका मेडिकल जांच करने के उपरांत दिव्यांगता का सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा. जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए जिले के प्रत्येक प्रखण्डों में 3 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक विशेष चेकअप शिविर लगाया जा रहा है. जिसमें मेडिकल बोर्ड के द्वारा जांच कर सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा. उन्होंने बताया कि चिन्हित बच्चें जो दिव्यांग हैं, उन्हें उनके अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने की अनुशंसा सरकार से की जाएगी.

### एसडीपीओ ने थाना प्रभारियों को दिये निर्देश

**साहिबगंज।** मंगलबार को अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की की अध्यक्षता में मासिक अपराध नियंत्रण गोष्टी किया गया. वहीं इस मौके पर उन्होंने मौजूद थाना प्रभारियों को साफ शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों का निपटारा जल्द से जल्द करें, ताकि केस डायरी और चार्जसीट न्यायालय को जल्द से जल्द समर्पित किया जा सके. वहीं लंबे समय से फरार अपराधी, आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित होनी चाहिए. इसके लिए सघन छापेमारी अभियान चलाया जाए और आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द किया जाए. क्षेत्र में भी गस्ती दलों को भेजकर जायजा लेने को कहा गया. साथ ही एसडीपीओ ने कहा कि चौक चौराहे पर अत्याधिक भीड़ मिले तो इस पर भी विशेष नजर बनाए रखना है. जितना हो सके भीड़ को नियंत्रण करने का प्रयास करें. साथ ही बाइक चोर को भी गिरफ्तारी हो, इसके लिए पूरी तरह से अपनी सूचना तंत्र को मजबूत रखें. बैठक में मौजूद प्रशिक्षित डीएसपी, नगर इंस्पेक्टर राजीव कुमार, नगर थाना प्रभारी अमित कुमार, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश पांडे, मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव, बोरियो थाना प्रभारी पंकज कुमार वर्मा और अन्य लोग मौजूद थे.

### अधिवक्ता शंभू प्रसाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**बोकारो।** बोकारो कोर्ट परिसर में बोकारो के अधिवक्ता शंभू प्रसाद की प्रथम पुण्य तिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. श्रद्धांजलि सभा में बोकारो के दर्जनों अधिवक्ता मौजूद थे. इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने स्व शंभू प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी. उन्होंने कहा कि शंभु प्रसाद काफी मिलनसार और मृदु भाषी थे. उनके निधन से बोकारो के अधिवक्ता समाज को काफी आघात लगा है. उनकी बहन प्रीति प्रसाद ने कहा कि उनकी कमी कोई पूरा नहीं कर सकता है. वे गरीबों के सच्चे हिमायती थे. इस अवसर पर अधिवक्ता दिनेश शर्मा, रंजन कुमार मिश्रा, अतुल कुमार, फटीक चंद्र सिंह, निखिल कुमार डे, सुभाषचंद्र नायक, दीपिका सिंह, वंशिका सहाय, संजीत कुमार सिंह, सोमनाथ शेखर, राज श्री, अमरदेव सिंह, बिनोद कुमार सिंह, पंकज दराद, महेश विश्वकर्मा, अशोक कुमार यादव समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे.

### भाजपा की तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी देवघर जिला की एक अति महत्वपूर्ण बैठक जिला उपाध्यक्ष राकेश नरोने के आवास पर जिला अध्यक्ष सचिन रवानी की अध्यक्षता में हुई. इस बैठक में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक की गई . जिसमें यह कार्यक्रम प्रत्येक विधानसभा में होगा. साथ ही साथ 11 से 13 तक तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के नेतृत्व में निकलेगी. 12 से 14 तारीख तक वीर शहीदों के प्रतिमा पर सफाई एवं माल्यार्पण किया जाएगा. 14 तारीख को विभाजन विभीषिका का इतिहास बताना है. साथ ही साथ रात्रि में कैंडल मार्च निकाला जाएगा. इस बैठक में विधायक नारायण दास ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के आप सभी कार्यकर्ता अपने विधानसभा के प्रत्येक घर में तिरंगा को लगाना है और तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़कर सभी कार्यकर्ताओं को हिस्सा लेना है और देश का मान बढ़ाना है.

# न्यायालयों में लंबित वादों से संबंधित विवरणी ससमय कराएं उपलब्धः डीडीसी

## बड़े बकायदारों को नोटिस निर्गत कर, नीलाम पत्र वाद की कार्रवाई करें : अपर समाहर्ता

संवाददाता। बोकारो



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर मंगलवार को उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने माननीय उच्चतम न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, अवमानना वाद एवं अन्य न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की. मौके पर डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा प्रभाष दत्ता, जियाडा से वंदना शेजवलकर आदि उपस्थित थे.

उप विकास आयुक्त ने क्रमवार माननीय उच्च न्यायालय, झारखंड रांची में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी से संबंधित लंबित वादों की जानकारी ली. विभागवार सभी मामलों के अद्यतन स्थिति पर समीक्षा किया. संबंधित पदाधिकारियों को वादों से संबंधित तथ्य विवरणी विभाग द्वारा कार्यालय को ससमय समर्पित करने का निर्देश दिया. इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए. वहीं, बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया.

वहीं, बैठक में उपस्थित प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा प्रभाष दत्ता ने सभी अंचल पदाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को तथ्य विवरणी (एसओएफ) में संबंधित एनेक्सचर का उल्लेख स्पष्ट रूप से करने का निर्देश दिया.

उधर, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने जिला निलाम पत्र वाद की समीक्षा करते हुए बड़े बकायदारों को नोटिस भेज निलाम पत्र वाद के दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया. वहीं, अंचलाधिकारियों द्वारा निलाम पत्र वाद के मामलों के निष्पादन में गंभीरता बरतने, नियमित रूप से न्यायालय में मामलों की सुनवाई करने का निर्देश दिया. उन्होंने अंचलों द्वारा निलाम पत्र वाद के मामलों में प्रदर्शन पर असंतोष व्यक्त किया. मौके पर उपस्थित जिला निलाम पत्र पदाधिकारी कुमार कनिष्क को इसकी निगरानी का निर्देश दिया.

अपर समाहर्ता ने बैठक में उपस्थित अंचलाधिकारियों से भूमि संबंधित मामलों पर भी समीक्षा किया. उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा भूमि की अधियाचना विभिन्न परियोजनाओं के लिए किया जा रहा है. जिला से इस बाबत अंचलों को पत्र दिया जा रहा है, संबंधित अंचलाधिकारी इन मामलों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए भूमि हस्तांतरण संबंधित कार्रवाई करते हुए कार्यालय को प्रतिवेदन समर्पित करेंगे. साथ ही, शेष अंचलाधिकारियों को क्षतिपूर्ति वन रोपण के लिए भी भूमि चिन्हित कर जिला को प्रतिवेदन करने का निर्देश दिया. कहा कि चंद्रपुरा, जरीडीह एवं चंदनकियारी अंचल द्वारा ही वन रोपण के लिए भूमि की जानकारी उपलब्ध कराई गई हैं.

मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला कृषि पदाधिकारी सुरेश तिर्की, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, विभिन्न तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, कर्मी आदि उपस्थित थे.

# एसएसआर 2024, ईवीएम वीवीपैट की फस्ट एफएलसी की दी जानकारी

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के साथ डीडीसी ने की बैठक

- मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट पार्टियों को टैग करने का दिया निर्देश
- दावा, आपत्ति का आवेदन 09 अगस्त तक

संवाददाता। बोकारो

बोकारो समाहरणालय स्थित अपर समाहर्ता कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी गोमिया सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी शालिनी खालको, सहायक उप निर्वाचन पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे.

बैठक में डीडीसी ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानकर मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर) 2024 का कार्य प्रगति पर है. एकीकृत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 25 जुलाई को किया गया. उक्त मतदाता सूची की कापी आप सबों को उपलब्ध करा दिया गया है. वर्तमान में दावा एवं आपत्ति दाखिल करने का कार्य चल रहा है, इसकी अंतिम तिथि 09 अगस्त 2024 है. यदि अभी भी किसी का नाम मतदाता सूची में नहीं है, तो फार्म 06 भरकर, किसी की मृत्यू हो गई है तो फार्म 07 भरकर एवं कोई त्रुटि हैं तो फार्म 08 भरकर बीएलओ को जमा करें. वहीं, आगामी निर्धारित विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव कार्य में इस्तेमाल होने वाले ईवीएम वीवीपैट का फस्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) आगामी 26 अगस्त से 09 सितंबर के बीच आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त तकनीशियन के द्वारा किया जाएगा. इस दौरान सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे. इस दौरान एफएलसी हाल में बरती जाने वाली सावधानियां वर्जित सामग्रियों की जानकारी दी. इस दौरान राजनीतिक पार्टियों को सभी मतदान केंद्रों के लिए बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने की बात कहीं. कहा कि मतदान केन्द्रवार बीएलए की सूची, नाम, पता, फोन नं. सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि बीएलए मतदान केन्द्र पर नियुक्त बीएलओ से समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करेंगे.

बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, भाजपा, भारत की कम्युनिष्ट पार्टी (मार्क्सवादी), आम आदमी पार्टी आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

# स्कूल में बाल विवाह रोकने के लिए चला जागरूकता अभियान

## शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की पहलों पर प्रकाश डाला



*डॉ. हक ने आश्वासन दिया कि स्कूल आने वाले दिनों में इसी तरह के नाटकों और कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता फैलाना जारी रखेगा*

**खास बातें**

- अभियान की शुरुआत एक नाटक के साथ की गई

संवाददाता । दुर्गापुर

**दुर्गापुर।** नेपाली पारा हिंदी हाई स्कूल के कन्याश्री क्लब ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। स्कूल के भीतर और समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक नाटक के साथ अभियान की शुरुआत की गई। नाटक में कन्याश्री प्रकल्प, सबूज साथी और अन्य संबंधित योजनाओं सहित लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की पहलों पर प्रकाश डाला गया। इस पहल का बहुत उत्साह से स्वागत किया गया और इसने दर्शकों पर गहरा प्रभाव डाला, जिससे बाल विवाह को रोकने और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ी। स्कूल के हेडमास्टर डॉ. कलीमुल हक ने इस जागरूकता अभियान को स्कूल से बाहर तक बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ₹हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे समाज में एक भी बाल विवाह न हो।₹ डॉ. हक ने समुदाय से इस नेक काम का समर्थन करने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि स्कूल आने वाले दिनों में इसी तरह के नाटकों और कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता फैलाना जारी रखेगा।

## एकता वेलफेयर सोसाइटी का पौधरोपण

**आसनसोल :** पश्चिम बर्दवान एकता वेलफेयर सोसाइटी ने आसनसोल नगर निगम के सहयोग से पर्यावरण को स्वच्छ और साफ बनाने के उद्देश्य से 58 नंबर वार्ड के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को वार्ड पार्षद संजय नोनिया ने बोराचक रेलवे साइडिंग क्षेत्र में किया। इस मौके पर, पश्चिम बर्दवान एकता वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने कहा कि वे 58 नंबर वार्ड के विभिन्न स्थानों पर लगभग 300 पौधे लगाने का निर्णय लिया है, जिसके तहत मंगलवार को बोराचक रेलवे साइडिंग क्षेत्र में लगभग 15 पौधे लगाए गए।



## ब्रीफ खबरें

### दक्षिण बंगाल में बढ़ेगी बारिश, अलर्ट जारी

**कोलकाता।** मानसून अक्ष के सक्रिय होने से बंगाल में फिर तबाही की आशंका है. मंगलवार से दक्षिण बंगाल में फिर बारिश के बढ़ने की संभावना जताई जा रही है.कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के लगभग सभी जिलों में भारी बारिश होने के आसार है. भारी बारिश के प्रभाव से उत्तर बंगाल के लोग भी अछूते नहीं हैं. पांच जिलों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है. मानसून अक्ष के प्रभाव से उत्तर और दक्षिण बंगाल में बारिश जारी रहेगी. पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम बर्दवान और पूर्वी और पश्चिमी मिदनापुर में मंगलवार को भारी बारिश होने की संभावना है.

### बलात्कार, लूटपाट में बंगाल आगे : दिलीप

**दुर्गापुर,।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के मुद्दे पर ममता बनर्जी पर हमला किया। उन्होंने कहा, ₹अगर बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार होता है तो इसकी प्रतिक्रिया इस देश में भी होने की संभावना है। उन्होंने आगे कहा, कटमनी से घुसपैठ, सोना और गाय की तस्करी रोकने की जरूरत है। बीएसएफ को पुलिस के साथ राज्य की सीमा को सुरक्षित करना चाहिए। दिलीप घोष ने ममता बनर्जी के नारे 'बंगाली आगे है' पर भी हमला किया। उन्होंने कहा, क्या बिजली बिल में बंगाल आगे है, वस्तुओं की मूल्य वृद्धि में बंगाल आगे है, हत्या, बलात्कार और लूटपाट में बंगाल आगे है।

### हाट उच्च विद्यालय का लिया जायजा

**जामुड़िया।** विधानसभा के वार्ड संख्या 11 के श्रीपुर हाट उच्च विद्यालय में मंगलवार को जामुड़िया के विधायक हरेराम सिंह के प्रतिनिधि मंडल और युवा नेता प्रेमपाल सिंह पहुंचे। प्रेमपाल सिंह ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाचार्य से मुलाकात कर विद्यालय की कमियों और विकास के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कंप्यूटर लगाने, अध्यापकों के वेतन वृद्धि और आकस्मिक शिक्षकों को सरकारी तौर पर लाने की कोशिश की जाएगी। प्रेमपाल सिंह ने कहा कि विधायक के फंड से विद्यालय का विकास कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

### आद्रा में रक्तदान शिविर का आयोजन

**पुरुलिया ।** पुरुलिया जिले के आद्रा में खड़गपुर जीआरपी जिला और आद्रा ईएफ लाइन द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जीआरपी पुलिस अधीक्षक देबाश्री सान्याल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। रक्तदान शिविर में 32 जीआरपी अधिकारी और कर्मचारी रक्तदान करने के लिए आगे आए। यह पहल मुख्य रूप से राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रेरणा से रक्त की कमी को दूर करने के लिए है। रक्तदान शिविर के माध्यम से हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा और हम दूसरों को जीवनदान देने में सक्षम होंगे।

## बांग्लादेश को लेकर न्यू मार्केट इलाकों में विशेष निगरानी

# कोलकाता पुलिस अलर्ट मोड पर

### बांग्लादेशी नागरिकों की सुरक्षा के लिए दिया निर्देश

**खास बातें**

- शहर के प्रत्येक गेस्ट हाउस, लॉज और होटल की चेकिंग जारी

संवाददाता । कोलकाता





पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख्ता पलट की स्थिति के बाद कोलकाता पुलिस भी सतर्क हो गयी है. शहर के सभी थानों को अलर्ट मोड पर रखा गया है. न्यू मार्केट और इसके आसपास के इलाकों में इलाज या अन्य काम से वैध कागजात लेकर भारत आकर रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को किसी भी तरह का नुकसान न पहुंचे, इस पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है. इसके साथ शहर के प्रत्येक गेस्ट हाउस एवं लॉज एवं होटल की चेकिंग की जा रही है. कोई बाहर से बिना किसी कागजात के आकर ठहरा तो नहीं है. इसकी भी जांच की जा रही है.बांग्लादेश में जारी हिंसा के मद्देनजर कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार ने महानगर स्थित बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा और बढ़ा दी है. वहां 20 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है. कोलकाता पुलिस के संयुक्त आयुक्त (मुख्यालय)मिराज खालिद ने बताया कि बांग्लादेश में आंदोलन शुरू होने के बाद ही बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी. जब तक वहां की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, तब तक यहां अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे. साथ ही कोलकाता पुलिस की तरफ से सभी थानों को अलर्ट रहने का निर्देश जारी किया गया, ताकि महानगर में शांति व्यवस्था प्रभावित न हो. बीएसएफ के महानिदेशक आइपीएस दलजीत सिंह चौधरी का पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश सीमा का दौरा भारत की सीमाओं की सुरक्षा, इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने में बीएसएफ के समर्पण और सतर्कता को उजागर करता है. सुंदरबन और उत्तर 24 परगना में बीएसएफ के चल रहे प्रयास अंतरराष्ट्रीय अपराधों को रोकने और राष्ट्र की संप्रभुता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण हैं.

### बिजली बिल बढ़ोतरी के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

**दुर्गापुरः** भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बिजली बिल में बढ़ोतरी के विरोध में डब्ल्यूबीएससीडीसीएल कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष, दुर्गापुर पश्चिम के भाजपा विधायक लक्ष्मण घुरुई और भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे। उन्होंने बिधान नगर में क्लब सेंटोस के मैदान से मार्च निकाला और बिधान नगर में डब्ल्यूबीएससीडीसीएल कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। दिलीप घोष ने कहा कि तृणमूल का स्लोगन एगिये बांग्ला क्या सिर्फ बिजली बिल के मामले में है? क्या भ्रष्टाचार में भी एगिये बांग्ला? क्या कटमनी में भी एगिये बांग्ला? हम ऐसे एगिये बंगला₹ नहीं चाहते। इसलिए हम सड़कों पर उतरे हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में सबसे ज्यादा बिजली बिल बंगाल का है। सामान के दाम यहाँ सबसे ज्यादा हैं।

# हरिपुर में भूस्खलन की मार ठनका गिरने से बना गोफ

## कजोरा, बहुला में हुई घटना के बाद दूसरा हादसा

**खास बातें**

- घटना की जानकारी ईसीएल अधिकारियों और बीडीओ को दी गई



संवाददाता । पांडवेश्वर

पांडवेश्वर के हरिपुर इलाके में भूस्खलन की एक नई घटना सामने आई है। हरिपुर हाट से सटे हिंदी स्कूल के पास मंगलवार की दोपहर ठनका गिरने की घटना हुई, जिससे एक बड़ा गड्ढा बन गया। यह घटना कजोरा और बहुला में हुई घटनाओं के बाद सामने आई है, जहां भूस्खलन के कारण कई जगहों पर बड़े गड्ढे बन गए थे। स्थानीय लोगों को डर है कि अगर स्कूल के दौरान इमारत गिरी तो छात्रों को खतरा हो सकता है। हरिपुर पंचायत के उप मुखिया गोपीनाथ नाग ने कहा कि आसपास ईसीएल की कई परित्यक्त कोयला खदानें हैं, जिनके अंदर रेत की सही पैकिंग न होने के कारण क्षेत्र में कभी-कभी भूस्खलन होता है। उन्होंने कहा कि इमारत ढहने की घटना की जानकारी ईसीएल अधिकारियों और बीडीओ को दे दी गई है और दुर्घटनाओं से बचने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

# अवैध शराब की दुकानों पर पुलिस की छापामारी के बाद भी बिक्री जारी

## आधा दर्जन से ज्यादा गुमटी और होटल में बिकते हैं शराब

संवाददाता । बराकर

बराकर बस स्टेंड में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ पुलिस की लगातार छापामारी के बावजूद शराब की बिक्री धड्डले से जारी है। आसनसोल नगर निगम द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने के अभियान के बाद भी आधा दर्जन से ज्यादा गुमटी और होटल में अवैध शराब की बिक्री जारी है। शराब विक्रेता अब अपनी गुमटियों में शराब नहीं रखते, बल्कि पास के घरों और गोदामों में जमाकर रखते हैं। बराकर पुलिस के नए प्रभारी के पदभार ग्रहण करने के बाद लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, जिससे शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।



# कुनुस्तोड़िया क्षेत्र की टीम ने जीता कॉन्ट्रेक्ट ब्रिज टूर्नामेंट

## स्वाईं ने टीम को ट्रॉफ़ी भेंट कर किया सम्मानित



संवाददाता । जामुड़िया

**जामुड़ियाः** ईसीएल मुख्यालय के डिसेरगढ़ क्लब में आयोजित इंटर एरिया कॉन्ट्रेक्ट ब्रिज टूर्नामेंट में कुनुस्तोड़िया क्षेत्र की टीम ने चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट 5 अगस्त को आयोजित किया गया था, जिसमें कुनुस्तोड़िया क्षेत्र की टीम ने सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजयी ट्रॉफ़ी अपने नाम की। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि निदेशक (कार्मिक) आहुति स्वाईं ने विजयी टीम को ट्रॉफ़ी भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। विजयी खिलाड़ियों ने मंगलवार को कुनुस्तोड़िया क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री एस. सी. मित्रा के साथ विजयी ट्रॉफ़ी साझा की, जिसे महाप्रबंधक ने क्षेत्र के सभी कर्मियों को समर्पित किया और आगामी टूर्नामेंट्स में भी इसी तरह की सफलता हेतु सभी को प्रेरित और प्रोत्साहित किया।

### स्वास्थ्य जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

**चिरकुंडा ।** नेहरू रोड स्थित आरोग्य वेलनेस सेंटर में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। सेंटर के डायरेक्टर राजेश सिन्हा ने बताया कि इस सेंटर में विभिन्न थेरेपी के माध्यम से कई तरह की बीमारियों को जड़ से खत्म किया जाता है और लोग स्वस्थ जीवन व्यतीत कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि इस थेरेपी से कैंसर जैसी बीमारी से भी बहुत हद तक आराम मिलता है। कार्यशाला में आसपास के निरसा एवं कुल्टी बराकर से कई व्यवसायी एवं समाजसेवियों ने भाग लिया और खाने के पीने के माध्यम से स्वास्थ्य को ठीक रखने के गुर सीखे। मुख्य अतिथि एवं आरोग्य वेलनेस सेंटर के वरिष्ठ निदेशक अल्पेश चौटालिया ने थेरेपी के विभिन्न गुर और आरोग्य सेंटर के विशेष प्यूरीफाय फिल्टर से निकली पानी पीने से कितना ज्यादा स्वास्थ्य को फायदा हो सकता है, इसकी जानकारी दी।

# आवास योजना में भ्रष्टाचार की आशंका, उपभोक्ता को नहीं मिले पैसे

## पैसा नहीं मिलने पर ब्लॉक प्रशासन पर उठे सवाल

**खास बातें**

- काशीपुर ब्लॉक प्रशासन ने जांच कराने का दिया आश्वासन



संवाददाता । पुरुलिया

पुरुलिया में आवास योजना के तहत पैसा मिलने के बावजूद उपभोक्ता मकान नहीं बना रहे हैं। पंचायत ने स्पष्टीकरण मांगा है, लेकिन उपभोक्ताओं का दावा है कि उनके बैंक खाते में कोई पैसा जमा नहीं किया गया है। पुरुलिया के काशीपुर ब्लॉक की मनिहारा पंचायत में एक महिला को वित्तीय वर्ष 2019-2020 में प्रधानमंत्री एवं बांग्ला आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए पहली किस्त के रूप में 45 हजार रुपये दिये गये थे। लेकिन महिला का दावा है कि उसके बैंक खाते में कोई पैसा जमा नहीं किया गया है। इस मामले में भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है। भाजपा के प्रतिपक्ष नेता मलाई मिश्रा ने कहा कि महिला के घर की स्थिति काफी खराब है। प्रधानमंत्री-आवास योजना की सूची में नाम था। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें कोई पैसा नहीं मिला। काशीपुर ब्लॉक प्रशासन ने जो हुआ उसकी जांच कराने का आश्वासन दिया है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### डेंगू से लड़ने की तैयारी गप्पी मछली छोड़ा

**पुरुलिया :** झालदा नगर पालिका के कर्मचारियों ने मंगलवार को झालदा के विभिन्न जलाशयों में डेंगू से बचाव के लिए गप्पी मछली छोड़ा। झालदा नगर पालिका के मेयर सुरेश अग्रवाल ने कही। उन्होंने आगे जानकारी दी की झालदा नगर पालिका डेंगू की रोकथाम के लिए तैयार है, इसलिए पहले चरण में नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न जलाशयों में 56 हजार गप्पी मछलियां छोड़ने के साथ ही स्वास्थ्य कर्मी सर्वेक्षण कर घर घर जाकर शहरवासियों को डेंगू के प्रति जागरूक कर रहे हैं। झालदा में डेंगू पैर न पसार सके, इसके लिए घर के विभिन्न स्थानों और जल भंडारण व्यवस्था की जांच की जा रही है। मच्छरों को मारने के लिए सीवेज और रुके हुए पानी में मच्छड़ नाशक का छिड़काव किया जा रहा है। हालांकि, झालदा नगर निगम क्षेत्र में डेंगू का असर नही है। फिर भी, जागरूक रहना अच्छा है।

# छात्रों ने किया प्रदर्शन, सर्विस सड़क मरम्मत की मांग

## रास्ते की हालत जर्जर होने के कारण होती है दुर्घटनाएं : प्रधानाचार्य



**खास बातें**

- दो स्कूलों के 3 हजार छात्र-छात्राएं करते हैं आना जाना

संवाददाता । जामुड़िया

जामुड़िया के चांदा मोड़ स्थित साउथ एंड मॉडल स्कूल के छात्रों ने मंगलवार को सर्विस सड़क मरम्मत की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग 19 के सर्विस सड़क पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान, छात्रों और प्रधानाचार्य अर्चना चौबे ने कहा कि स्कूल आने वाले रास्ते की हालत जर्जर होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और अक्सर बच्चों को स्कूल छोड़ने आने वाले अभिभावक दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। स्कूल के डायरेक्टर परिमल माजी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से इस रास्ते की मरम्मत की मांग की जा रही है, लेकिन कोई लाभ नहीं मिला। उन्होंने बताया कि इस रास्ते से होकर दो स्कूलों के 3 हजार से ज्यादा स्कूली छात्र छात्राएं आना जाना करते हैं, जो दुर्घटना के आसंका से सहमे रहते हैं। प्रदर्शन के दौरान, श्रीपुर फाड़ी के प्रभारी मेघनाथ मंडक ने पहुंचकर समझा कर सभी विद्यार्थियों और प्रधानाचार्य को विद्यालय भेजा और राष्ट्रीय राजमार्ग 19 के ठेकेदार से जल्द सर्विस रोड मरम्मत करने की मांग की।

### अंडाल में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**अंडाल ।** अंडाल के जामबाद कोलियरी में खराब सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर श्रमिक संगठनों और ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। पद्मावतीस्थान से बेनेडी तक की सड़क लंबे समय से खराब है, जिससे यात्रा में जोखिम बढ़ता जा रहा है। कोलियरी अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद सड़क की मरम्मत के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। श्रमिक संघ एचएमएस और ग्रामीणों के एक समूह ने सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग को लेकर मंगलवार को जामबाद कोलियरी के पिट नंबर 4 पर धरना दिया। धरना-प्रदर्शन लगभग दो घंटे तक चला, जब कोलियरी अधिकारियों ने सड़क की शीघ्र मरम्मत करने का वादा किया तो विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।

### जामुड़िया में किसानों के लिए एफपीओ का गठन

**जामुड़िया।** जामुड़िया विधानसभा क्षेत्र के श्यामला ग्राम पंचायत में मंगलवार को जामुड़िया कृषि क्रांति द्वारा एक समूह का गठन किया गया, जिसमें स्थानीय किसानों को एकजुट किया गया। इस मौके पर श्यामला ग्राम पंचायत के प्रधान असित मंडल ने बताया कि इस समूह के माध्यम से किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा और उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। बांकुड़ा जिले के अर्धग्राम इलाके से आए सुजन मुखर्जी ने कहा कि इस समूह के गठन से किसानों को अपनी खेती के लिए लाभ मिलेगा और उन्हें बाजार में अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के हर ब्लॉक में सहकारी समितियां बनाई जा रही हैं, ताकि किसानों को उनकी खेती के लिए लाभ मिल सके।

# बराकर में नए थाना प्रभारी सुकान्त दास का स्वागत

## कुल्टी प्रेस क्लब ने दिया गुलदस्ता



संवाददाता । कुल्टी

कुल्टी प्रेस क्लब ने सोमवार की रात बराकर फांडी में नए प्रभारी सुकान्त दास का स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मनोज नियोगी, बंटी विश्वकर्मा, बंटी खान और जितेन कोरा उपस्थित थे। सुकान्त दास ने हाल ही में बराकर फांडी के प्रभारी के रूप में पदभार संभाला है, जबकि पूर्व प्रभारी लच्छमी नारायण दास का तबादला चुरुलिया ओपी में हुआ है।स्वागत कार्यक्रम के बाद, सुकान्त दास ने पत्रकारों के साथ बातचीत में इलाके में शांति बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

